गूगल मैप देखकर चल रहे कार सवार सड़क किनारे कटान के चलते गंगा में गिरे, चालक डूबा

एक युवक को बचाया गया, डूबे चालक की गोताखोरों की मदद से हो रही तलाश

संवाद सूत्र, जागरण ● फतेहपुर चौरासी (उन्नाव) : गूगल मैप पर दिखाए गए रास्ते के भरोसे सफर करना शुक्रवार देर शाम दो युवकों के लिए हादसे का सबब बन गया। कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर गंगा पुल से पहले हिंदूपुर नया बंगला गांव के पास कटान के चलते अनियंत्रित हुई कार सीधे गंगा नदी में जा गिरी। कार सवार दो युवकों में एक किसी तरह तैरकर बाहर निकल आया, जबकि चालक तेज धारा में लापता हो गया। पीआरवी ने बाहर निकले युवक को सुरक्षित बचाया। पुलिस गोताखोरों की मदद से लापता युवक की तलाश करा रही है।



गंगा में लापता तरुण (फाइल फोटो) ● स्वजन

मौरावां थाना क्षेत्र के हिलौली गांव निवासी विजय शंकर जूता-चप्पल का कारोबार करते हैं। सफीपुर थाना क्षेत्र के देवगांव निवासी 25 वर्षीय तरुण गौड़ के साथ उनकी साझेदारी है। तरुण की सफीपुर में दुकान है, जबकि लखनऊ में व्यापार का काम विजय शंकर देखते हैं। शुक्रवार को तरुण ने विजय शंकर को सफीपुर बुलाया था। इसके बाद दोनों कार से शिवराजपुर में आलम नाम के व्यापारी से मिलने जा रहे थे। इसी दौरान हादसा हो गया। विजय शंकर ने बताया कि कार गंगा में गिरने के बाद दोनों खिड़की खोलकर बाहर निकले। वह तैरकर किनारे पहुंच गया, जबकि तरुष तेज धारा में बह गया। वह दो बहनों में इकलौता है। पिता विजय कैंसर से जूझ रहे थे। एक वर्ष पूर्व ही इलाज करा के बाहर से लौटे हैं। जानकारी मिलने पर स्वजन बेहाल हो गए हैं। थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि एक युवक को बचा लिया गया है। दूसरे की तलाश कराई जा रही है।



कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग स्थित घटनास्थल पर जांच कर लोगों से जानकारी करते एसओ ज्ञानेंद्र कुमार ● जागरण

कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर गंगा पुल से पहले हिंदूपुर नया बंगला गांव के पास सड़क किनारे कटान के चलते हुआ हादसा



फतेहपुर चौरासी थाना में बैठा गंगा नदी में डूबने से बचाया गया विजय शंकर ● जागरण

कटान से सड़क का हिस्सा बना खतरनाक : कालीमिट्टी-शिवराजपुर मार्ग पर गंगा पुल से पहले हिंदूपुर नया बंगला गांव के पास सड़क किनारे कटान हादसे की वजह बना। कटान के कारण सड़क का किनारा असुरक्षित हो गया है। देर शाम अंधेरा होने के चलते चालक को खतरे का अंदाजा नहीं हो सका और कार अनियंत्रित होकर दाहिनी ओर नदी में चली गई। हादसे ने मार्ग पर सुरक्षा इंतजामों और कटान प्रभावित हिस्से की निगरानी पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने पहले भी कई बार इस मार्ग को लेकर नाराजगी जताई है।

गूगल मैप के रास्ते पर उठे सवाल : व्यापार के सिलसिले में शिवराजपुर जा रहे दोनों युवक गूगल मैप के बताए रास्ते से आगे बढ़ रहे थे। स्थानीय स्तर पर कटान से प्रभावित सड़क और उसके किनारे की स्थिति को लेकर पर्याप्त चेतावनी संकेतक नहीं होने से खतरा बढ़ गया।

हादसे के बाद इस बात की जरूरत महसूस की जा रही है कि कटान प्रभावित मार्ग पर बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड और रात में दिखाई देने वाले संकेतक लगाए जाएं, ताकि वाहन चालक अनजाने में दुर्घटना का शिकार न हों।

सेल्फी विद सजना...

करवा चौथ यानी पति के प्रति पत्नी के प्रेम और समर्पण का पर्व। दंपतियों के लिए इस दिन को यादगार बनाने के लिए दैनिक जागरण ने आमंत्रित की थीं 'सेल्फी विद सजना'। इनमें से चुनिंदा सेल्फी प्रकाशित की जा रही हैं।



पीडी नगर निवासी उमा के संग राघवेंद्र सिंह ● स्वयं



मेघना के संग अवनीश विश्वकर्मा। स्वयं



सिविल लाइंस निवासी दीप्ति के संग अभिषेक सिंह ● स्वयं



सोहरामऊ निवासी प्रतिभा के संग मयंक ● स्वयं



सिविल लाइन निवासी प्रगति के संग वेंकट कृष्णा ● स्वयं



बांगरमऊ के चहलहा निवासी बबिता के संग देवेंद्र प्रताप सिंह ● स्वयं



शाहगंज निवासी पूजा के संग राहुल सिंह ● स्वयं



बांगरमऊ निवासी अनुराधा के संग विपिन ● स्वयं



आसीवन निवासी शिवानी के संग सागर गुप्ता ● स्वयं



शाहगंज निवासी शिल्पी के संग आशीष श्रीवास्तव ● स्वयं



सुपासी निवासी राधा के संग सुनील ● स्वयं



पीडी नगर निवासी मयुरी के संग अभिराजन गौरव ● स्वयं

एक नजर में

जमीन विवाद में सात पर मारपीट की रिपोर्ट

हसनगंज : सेमरा निवासी रामचंद्र ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एसडीएम न्यायालय में रामचंद्र बनाम रामकिशन जमीन विवाद का मुकदमा चल रहा था। पांच अगस्त 2026 को पांच बीघा जमीन का मुकदमा जीतने के बाद लेखपाल की टीम ने मौके पर नापजोख कराकर उन्हें कब्जा दिलाया था। बताया कि 19 अक्टूबर को चंद्रवती, नीरज, कैलाश, सरवन, कल्लू, पवन, सीमा समेत अन्य लोग खेत के चारों ओर लगे लोहे के एंगल तोड़ने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लाठी-डंडों से मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक शरद कुमार ने बताया कि सात लोगों के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की गई है। संस

युवक पर किशोरी को ले जाने का आरोप

चकलवंशी : माखी क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि बुधवार रात वह परिवार के साथ मेला देखने गया था। घर लौटा तो उसकी चौदह साल की बेटी गायब थी। खोजबीन में पता चला कि सफीपुर क्षेत्र के सदमपुर गांव निवासी सर्वेश उर्फ सुक्खा उसे अपने साथ ले गया है। थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। संसू

शिव नगर की बिजली गुल

उन्नाव : हल्की वर्षा और हवा के बीच शहर के शिव नगर मोहल्ले में गुरुवार रात से बिजली आपूर्ति ठप है। पूरी रात बिजली न आने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सोनिक पावर हाउस के कर्मचारियों के मुताबिक डबल पोल टूट गया है, जिसके चलते आपूर्ति बाधित हुई है। दूसरी ओर कब्बाखेड़ा क्षेत्र में फेस में खराबी आने से घरों में आधे फेस की बिजली पहुंच रही है। इससे लोगों को पर्याप्त वोल्टेज नहीं मिल पा रहा है और घरेलू उपकरणों के संचालन में भी दिक्कत हो रही है। एक्सईएन हिमांशू गौतम ने बताया कि बिजली विभाग की टीम मरम्मत कार्य में जुटी है। जासं

पुराने कर बकाये पर ब्याज माफी 15 जनवरी तक करें आवेदन

जासं, उन्नाव : प्रदेश सरकार ने व्यापारियों और करदाताओं को पुराने कर बकाये से राहत देने के लिए ब्याज माफी योजना-2026 लागू की है। इसके तहत जीएसटी अधिनियम लागू होने से पहले के कर कानूनों के लंबित बकाये पर ब्याज और अर्थदंड में 50 से 100 प्रतिशत तक छूट मिलेगी। योजना 16 अक्टूबर 2026 से 15 जनवरी 2027 तक संचालित रहेगी।

राज्य कर कार्यालय में अधिवक्ताओं और चार्टर्ड अकाउंटेंटों के साथ हुई बैठक में उपायुक्त राज्य कर, खंड-2 दिनेश कुमार सिंह ने योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिक्री कर, व्यापार कर, केंद्रीय बिक्री कर, उप्र प्रवेश कर, आमोद एवं पणकर और मनोरंजन कर से जुड़े जीएसटी-पूर्व लंबित बकाये पर देय ब्याज और अर्थदंड योजना में शामिल हैं। न्यायालयों में लंबित मामलों के बकायेदार निर्धारित प्रक्रिया से योजना का लाभ ले सकते हैं। इसके लिए न्यायालय में दाखिल वाद से संबंधित शपथ पत्र देना और लंबित वाद वापस लेने की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। करदाता http://comtax.up.nic.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना संबंधी जानकारी और समस्याओं के लिए राज्य कर कार्यालय में हेल्प डेस्क बनाई गई है। बैठक में टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष छवींद्र पांडेय, महासचिव श्रीश त्रिवेदी और उपाध्यक्ष नृपेंद्र बाजपेयी सहित अधिवक्ता मौजूद रहे। विभाग की ओर से उपायुक्त पंकज कुमार, सहायक आयुक्त कुलदीप, शैलेंद्र कुमार, प्रशांत कुमार द्विवेदी और पल्लवी सक्सेना भी उपस्थित रहीं।

एसीएमओ से छिना नर्सिंगहोम पंजीकरण का कार्य, पटल सहायक को भी हटाया

- बंद अस्पताल खोलने को लेकर बातचीत के प्रचलित वीडियो व रुपये मांगने के आरोप पर कार्रवाई
- स्वास्थ्य महानिदेशक के निर्देश पर कार्रवाई, डा. मनीष बने नर्सिंगहोम पंजीकरण नोडल अधिकारी

जागरण संवाददाता, उन्नाव : युवती की हत्या के मामले में आरोपित देवकांत उत्तम की पत्नी के नाम संचालित उत्तम हास्पिटल को सील कर दिया गया था। बंद अस्पताल को खोलने के लिए एसीएमओ से हो रही बातचीत का वीडियो इलेक्ट्रानिक मीडिया पर प्रचारित होने के मामले में जांच शुरू हो गई है। जांच से पहले स्वास्थ्य महानिदेशक परिवार कल्याण के निर्देश पर एसीएमओ और पटल सहायक से नर्सिंगहोम पंजीकरण कार्य हटा कर दूसरे को दे दिया गया है। उधर महानिदेशक ने अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को पत्र भेजा है।

गुरुवार को इलेक्ट्रानिक मीडिया पर एक वीडियो प्रचलित हुआ था जिसमें नोडल अधिकारी नर्सिंगहोम पंजीकरण एसीएमओ डा. नरेंद्र सिंह और एक अन्य व्यक्ति के बीच बंद उत्तम हास्पिटल को खोलने के संबंध में बात हो रही थी। जिसमें एसीएमओ यह कहते सुनाई दे रहे हैं कि नए अस्पताल का नाम क्या होगा यह बताओ। वीडियो प्रचारित करने वाले ने यह भी आरोप लगाया था कि बंद अस्पताल को खोलने के लिए तीन लाख रुपया मांगे गए हैं। हालांकि प्रचलित वीडियो में रुपये मांगने की आवाज सुनाई नहीं दे रही है। उक्त मामले को गंभीरता लेते स्वास्थ्य महानिदेशक चिकित्सा एवं परिवार कल्याण पवन कुमार अरुण ने वीडियो में दिख रहे एसीएमओ व संबंधित पटल सहायक से नर्सिंगहोम पंजीकरण का कार्य हटाने का निर्देश सीएमओ को दिया। महानिदेशक के निर्देश पर सीएमओ डा. एके शर्मा ने डा. नरेंद्र से नर्सिंगहोम का चार्ज हटाकर डा. मनीष मिश्रा को और पटल सहायक का कार्य अखिल सक्सेना से हटाकर संतोष श्रीवास्तव को दिया गया है। सीएमओ ने बताया कि सीडीओ की अध्यक्षता में गठित टीम मामले की जांच कर रही है। स्वास्थ्य महानिदेशक ने विभागीय कार्रवाई के लिए सचिव को पत्र भेजा है।

टोल फ्री नंबर 1855 पर करें जनगणना से जुड़े सवाल व शंका का समाधान

जासं, उन्नाव : जनगणना-2027 के द्वितीय चरण में प्रगणकों और सुपरवाइजरों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण शुक्रवार को संपन्न हुआ। समापन पर चार्ज अधिकारी एवं तहसीलदार अविनाश चौधरी ने कार्मिकों को पूरी ईमानदारी, निष्पक्षता और कार्यनिष्ठा से दायित्व निभाने की शपथ दिलाई। अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार गोंड ने बताया कि प्रथम बैच के बाद अब द्वितीय बैच का प्रशिक्षण शुरू किया जाएगा।

तहसीलदार ने कहा कि जनगणना के आंकड़े केवल जनसंख्या का विवरण नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की दिशा तय करने का महत्वपूर्ण आधार हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जनगणना के दौरान पूछे जाने वाले 40 सवालों के सही जवाब प्रगणकों को दें, ताकि वास्तविक जरूरतों के अनुसार योजनाएं बनाई जा सकें। उन्होंने बताया कि जनगणना से जुड़े सवालों, शंकाओं और समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 1855 और वाट्सएप चैटबाट नंबर 18001801855 जारी किया गया है। नागरिक इन माध्यमों से आवश्यक जानकारी ले सकते हैं।

4.8 मिमी वर्षा से धान किसानों की चिंता बढ़ी

जासं, उन्नाव : जिले में शुक्रवार को मौसम में बदलाव देखने को मिला। दिनभर बादलों की आवाजाही और तेज हवा के बीच हल्की बारिश भी हुई। इससे धान किसानों की चिंता बढ़ गई है। फसल उत्पादन पर वर्षा का असर पड़ सकता है। जिले में शुक्रवार को अधिकतम तापमान में एक दिन में 7.1 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 23.6 डिग्री और न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से नीचे पहुंचने से दिन में ठंडक का अहसास हुआ।

मौसम विज्ञानी डा. सुनील पांडेय ने बताया कि हवा की औसत गति 9.2 किलोमीटर प्रति घंटा रही, जबकि अधिकतम गति 34.2 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। हवा की दिशा पूर्वी रही। इस दौरान जिले में 4.8 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गई। बताया कि अगले दो दिनों तक हल्की बारिश और बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। नई नमी आने से बादलों की आवाजाही बढ़ सकती है। हालांकि उत्तर-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से वातावरण में नमी कम होने और मौसम के धीरे-धीरे शुष्क होने के आसार हैं। नरम धूप निकलने के बावजूद दिन के तापमान में और गिरावट हो सकती है। धान की फसल खेतों में एकदम तैयार खड़ी है। कई जगह कटाई भी चल रही है। वर्षा से फसल उत्पादन पर असर पड़ सकता है। जिसको लेकर किसानों में चिंता दिख रही है। कृषि वैज्ञानिक डा.जय कुमार ने बताया कि अगर फसल नीचे गिर गई तो फसल उत्पादन पर असर पड़ सकता है।



लखनऊ बाईपास पर छाता लगाकर वर्षा से बचाव कर जाते लोग ● जागरण

7.1 डिग्री की अधिकतम तापमान में आई गिरावट अगले दो दिन बूंदाबांदी के आसार

वित्तीय समावेशन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



नवाबगंज में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आयोजित वित्तीय समावेशन कार्यक्रम को संबोधित करते बैंक कर्मी ● कर्मी

उन्नाव: पंजाब नैशनल बैंक के कानपुर नगर मंडल कार्यालय के तत्वावधान में आज नवाबगंज शाखा, उन्नाव में वित्तीय समावेशन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसकी अध्यक्षता कानपुर मंडल के उप मंडल प्रमुख संजीव पुरोहित ने की। भारतीय रिजर्व बैंक की उप महाप्रबंधक अनुराधा साहू मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने वित्तीय समावेशन को समावेशी विकास की नींव बताते हुए सुरक्षित डिजिटल लेन-देन और साइबर सुरक्षा की जानकारी दी। कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक राजकुमार गौतम, नाबार्ड के डीडीएम सुमित कुमार, सहायक विकास अधिकारी मनोज कुमार, शाखा प्रबंधक, बैंक मित्र और बड़ी संख्या में ग्राहक उपस्थित रहे।

पुरोहित ने कहा कि पीएनबी का लक्ष्य केवल खाते खोलना नहीं, बल्कि उन्हें बीमा, पेंशन और डिजिटल सुविधाओं से जोड़ना है। लोगों को वित्तीय साक्षरता और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। संचालन मंडल कार्यालय मुख्य प्रबंधक दिनेश कुमार ने किया। विवि

सिंचाई कर्मियों की दशकों पुरानी मांगें अब भी लंबित

जागरण संवाददाता, उन्नाव: सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश के सींचपाल, सींच पर्यवेक्षक और नलकूप चालक लंबे समय से अपनी मांगों के निस्तारण की प्रतीक्षा कर रहे हैं। प्रदेश के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने और उनकी आय दोगुनी करने के लक्ष्य में इन कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके बावजूद विभाग और शासन स्तर पर उनकी न्यायोचित मांगों का समाधान नहीं हुआ है, जिससे कर्मचारियों में भविष्य को लेकर निराशा और कुंठा है। परेशान कर्मियों ने सिंचाई संघ पदाधिकारियों की अगुवाई में एक ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट मनोज कुमार सिंह को कलेक्ट्रेट में उनके कार्यालय के बाहर दिया। सींचपाल (पतरौल) और नलकूप चालक की सेवा नियमावली 1953 तथा सींच पर्यवेक्षक (अमीन) की नियमावली 1954 में करीब 70 वर्ष से अधिक समय बाद भी संशोधन नहीं किया गया। छठे वेतन आयोग के बाद से वेतन विसंगति बनी हुई है। रिक्त पदों पर भर्ती न होने से प्रत्येक कर्मचारी पर आठ से 10 अतिरिक्त कर्मचारियों का काम है। काम पूरा करने के लिए उन्हें रोज 40 से 50 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। मोटरसाइकिल भत्ता और अतिरिक्त काम का भत्ता भी नहीं दिया जाता।



अब हर दिन सिर्फ एक सवाल, जीतना हुआ और भी आसान!

त्योहारों के इस मौसम में प्रतिदिन दैनिक जागरण पढ़ें, केवल एक सवाल का सही जवाब दें और जीतें आकर्षक इनाम!

क्विज संख्या : 45

फिल्म अभिनेता गोविंदा के बेटे यशवर्धन किस फिल्म से अपने अभिनय करियर का आरंभ कर रहे हैं?

(क)नखरेवाली (ख) हीरो की हीरोइन

(ग) रामायणम (घ) वाराणसी

क्विज संख्या 43 के विजेताओं के नाम

अवधेश	*****54775	गाजियाबाद	शिवम	*****96112	नोएडा
स्नेहा	*****45227	आजमगढ़	तेजेंद्र	*****43426	फरीदाबाद
सतीश	*****88828	प्रयागराज	नमन	*****02889	गुरुग्राम
राजीव	*****25860	लखनऊ	सतीश	*****46094	हिसार
निशा	*****75088	अलीगढ़	गुरप्रीत	*****31921	यमुनानगर
रंजन	*****27900	कानपुर	स्वर्णेश्वर	*****31419	बिहार शरीफ
शशांक	*****51278	लखनऊ	धीरज	*****16507	दरभंगा
शिवम	*****28277	मुजफ्फरनगर	मृत्युंजय	*****96860	मुजफ्फरपुर
शुभम	*****05374	अलीगढ़	नेहा	*****40642	इंदौर
शोभित	*****77591	रायबरेली	गोविंद	*****22282	उज्जैन
अनुजा	*****20041	फर्रुखाबाद	धनंजय	*****23215	भोपाल
यदुनाथ	*****74717	वाराणसी	सलोनी	*****24394	लुधियाना
गुरप्रीत	*****78524	मेरठ	अजय	*****05387	जालंधर
श्याम	*****90658	मिर्जापुर	प्रियंका	*****80503	चंडीगढ़
मेघा	*****24050	हापुड़	अनिल	*****73717	रायपुर



आज के सवालों के जवाब देने के लिए स्कैन करें

क्विज संख्या 44 के उत्तर : (घ)

पढ़ते रहिए दैनिक जागरण

क्विज खेलने के लिए निःशुल्क एप्प डाउनलोड करना अनिवार्य

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda भारत का अंतर्राष्ट्रीय बैंक

शाखा: उन्नाव, आईबीपी पेट्रोल पम्प के पास, मोती नगर उन्नाव 209801

अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना [परिशिष्ट-IV ए] नियम 6 (2) व 8(6) व 9(1) के प्रावधान देखें,

प्रतिभूति ब्याज (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 6(2) व 8(6) व 9(1) के प्रावधान के साथ पठित प्रतिभूति ब्याज अधिनियम 2002 की वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुनः निर्माण और प्रवर्तन के तहत अचल परिसंपत्तियों की बिक्री हेतु ई–नीलामी बिक्री सूचना।

जन साधारण तथा विशेषतः ऋणकर्ताओं, बंधककर्ताओं व गारंटरों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूतित ऋणदाता के पास रेहन रखी/प्रभारित/गिरवी निम्न उल्लेखित अचल संपत्ति जिसका कब्जा **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रत्याभूतित ऋणदाता के **प्राधिकृत अधिकारी** द्वारा लिया गाय है। इसकी बिक्री निम्न निर्दिष्ट बकाया राशि की वसूली हेतु **"जैसे है जहां है" "जैसे है जो है" और "जो कुछ वहां है"** के आधार पर की जाएगी।

ऋणकर्ताओं/बंधककर्ता(ओं)/गारंटरों/प्रत्याभूतित परिसंपत्तिया/बकाया राशि/आरक्षित मूल्य/ई–नीलामी की तिथि व समय, ईएमडी व बोली वृद्धि राशि निम्नानुसार है।

ई–नीलामी की तिथि: 08.12.2026 | **ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि 07.12.2026 सायं 04.00 बजे तक**

क्र. सं.	ऋणियों/जमानतदारों/बंधकदारों का नाम एवं पता	अचल सम्पत्ति का विवरण ज्ञात अतिक्रमणों सहित, यदि कोई हो	कुल बकाया	1. ई–नीलामी की तिथि 2. ई–नीलामी का समय (प्रारंभ समय से समाप्ति समय तक)	1. आरक्षित धनराशि/ 2. अग्रिम धनराशि/ 3. बिड बढ़ोतरी राशि	कब्जा की स्थिति (सांकेतिक/भौतिक)	संपत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय
1.	**मे ससर्स पाण्डेय इंटरप्राइजेज,** प्रोपराइटरः श्री अखिलेश पाण्डेय पुत्र श्री राधे श्याम पाण्डेय जमानतकर्ताः श्री अभिषेक पाण्डेय	सम्पत्ति के सभी भाग व खण्ड स्थित भूमि बियरिंग प्लॉट सं. 826 एवं 1414, क्षेत्रफल 0.316 हेक्टेयर स्थित ग्राम माखी, परगना असिवान, रसूलाबाद, तहसील हसनगंज, जिला उन्नाव–209801, उत्तर प्रदेश, **मालिकः** श्री अखिलेश पाण्डेय एवं श्री अभिषेक पाण्डेय, **चौहद्दीः पूर्वः** राउ से रसूलबाद रोड, **पश्चिमः** श्री रामेंद्र सिंह का प्लॉट, **उत्तरः** चक रोड, **दक्षिणः** रामेंद्र सिंह का प्लॉट	रू. 38,74,516.28 + दिनांक 26.10.2026 से संविदात्मक दर पर मासिक किस्तों के साथ ब्याज एवं भुगतान की तिथि तक लागत, शुल्क एवं खर्चे सहित	ई–नीलामी की तिथिः 08.12.2026 ई–नीलामी का समयः दोपहर 12:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक	रू0 64,62,000/- (आरक्षित मूल्य) रू0 6,46,200/- (अग्रिम धनराशि) रू0 10,000/- (न्यूनतम बिड बढ़ोतरी राशि)	सांकेतिक कब्जा	05.12.2026 प्रारंभ समयः शाम 4:00 बजे से समाप्ति समयः शाम 5:00 बजे

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया वेबसाइट **https://www.bankofbaroda.in/e-auction** एवं **Baanknet.com** पर जाएं। इच्छुक बोलीदाता अधिकृत अधिकारी से **मोबाइल नंबर 8601804333** पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांकः 30.10.2026 स्थानः उन्नाव हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा